E-Learning Study Material

By Prof (Dr) YADWENDRA SINGH

MAHARAJA COLLEGE, ARA, BIHAR

BA Part three Economics Hons

Paper - Six.

Evaluation of the New Deal Policy of USA :-

राष्ट्रपति रूजवेल्ट अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मौलिक दोषों को दूर करने में विफल रहे और वे गंभीर रोग के केवल लक्षणों से ही संबन्धित रहे। वस्तुतः इस नीति का ठीक ठीक मूल्यांकन करना कठिन है क्योंकि सन 1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ जाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की परिस्थितियाँ आमूलतः परिवर्तित हो गयी।

यद्यपि न्यू डील विशद् रूप से योजनाबद्ध नहीं था तथापि यह अर्थव्यवस्था के सुधार के लिए राष्ट्रपति हूवर (Hoover) की नीतियों की अपेक्षा बहुत ही अधिक व्यापक था। इस नीति ने इस विचार को खोखला सिद्ध कर दिया कि सरकार को गैर सरकारी व्यक्तियों के साथ प्रतियोगिता नहीं करनी चाहिए। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि राष्ट्रपति रूजवेल्ट को अपने कुछ अधिनियमों के

सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय से भी लोहा लेना पड़ा था और तत्कालीन अमेरिकी परिस्थितियों में इससे भी अधिक क्रान्तिकारी नीति शायद संभव नहीं होती। रूजवेल्ट द्वारा न्यू डील कार्यक्रम के अन्तर्गत अपनाये गये उपायों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बहुत प्रभाव पड़ा। यह संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्थिक विकास की एक महत्वपूर्ण घटना थी। इसके पूर्व मंदी को दूर करने का न्यू डील जैसा सर्वांगीण प्रयत्न कभी भी नहीं किया गया था।

अपने उद्देश्यों की पूर्ति में रूजवेल्ट का यह प्रयास बहुत ही सफल रहा। उद्योग, कृषि, व्यापार तथा श्रम आदि सभी क्षेत्रों में बहुत से सुधार हुए। बैंकिंग व्यवस्था तथा शेयर बाजार में स्थिरता आयी। 1936 तक स्थिति में पर्याप्त सुधार हुआ जो फेडरल रिजर्व बोर्ड के निम्नलिखित सूचना रिपोर्ट से स्पष्ट है:-

उद्योग सम्बन्धी सूचनांक (1923=100)

मदें	अगस्त 1934	अगस्त 1935	अगस्त 1936
औद्योगिक उत्पादन (Industrial Production)	73	87	107
निर्माण संविदा (Construction contracts)	27	38	65
कारखानों में रोजगार (Factory Employment)	79	82	84
कारखानों में मजदूर (Factory-Pay-Rolls)	62	69	81

मूल्य सूचनांक (आधार वर्ष 1923 = 100)

सभी वस्तुओं का मूल्य	76.4	80.5	86.6
कृषि पदार्थ	69.8	79.3	83.3
खाद्यान्न	73.9	79.9	83.1
कृषि एवं खाद्य-पदार्थों के अतिरिक्त अन्य पदार्थ	78.3	77.9	79.7